# कार्यालय, प्राचार्य: राजकीय महाविद्यालय बनबसा, चम्पावत

दिनांक: 30/05/2026

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर राजकीय महाविद्यालय बनबसा में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न.

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय बनबसा, चम्पावत में एक भव्य एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आज दिनांक: 30/05/2026 को कक्ष संख्या-01 में किया गया। यह आयोजन तम्बाकू के दुष्प्रभावों एवं इसके सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सुशीला आर्या एवं डॉ. दीप्ति कार्की ने अपने विचार रखे। विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती जयंती देवी, श्रीमती कमला चड्डा, श्री त्रिलोक चंद्र कांडपाल, श्री विनोद कुमार चाँद, श्री अमर सिंह एवं श्री नरसोनू के साथ-02 महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. भूप नारायण दीक्षित असिस्टेंट प्रोफेसर- अंग्रेजी विभाग ने कहा कि तम्बाकू का सेवन न केवल कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी का कारण बनता है, बल्कि यह हृदय, फेफड़े एवं मस्तिष्क पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। उन्होंने युवाओं से तम्बाकू से दूर रहने का आह्वान किया।

डॉ. सुशीला आर्या ने कहा कि तम्बाकू के सेवन से व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर हो जाता है। उन्होंने इसके सेवन से होने वाले मुख व गले के कैंसर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. दीप्ति कार्की ने कहा कि नशामुक्ति ही स्वस्थ समाज की नींव है, इसके लिए जन-जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है।

श्रीमती जयंती देवी एवं श्रीमती कमला चड्डा ने भी उपस्थित जनसमूह को तम्बाकू के विरुद्ध प्रेरित किया। श्री त्रिलोक चंद्र कांडपाल, श्री विनोद कुमार चंद, श्री अमर सिंह एवं श्री नरसोनू ने संयुक्त रूप से संकल्प दिलाया कि वे स्वयं तम्बाकू का सेवन नहीं करेंगे तथा अपने परिजनों एवं मित्रों को भी इससे बचने के लिए प्रेरित करेंगे।

इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रस्तुतीकरण एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने तम्बाकू विरोधी नारे लगाकर उपस्थित लोगों को जागरूक किया।

कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा किया गया। अंत में सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों ने तम्बाकू मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। प्राचार्या डॉ. भूप नारायण दीक्षित ने सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिससे बनबसा क्षेत्र में तम्बाकू निषेध को लेकर एक सकारात्मक संदेश गया।

प्रभारी प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय बनबसा
चम्पावत

राजकीय महाविद्यालय
बनबसा (चम्पावत)

2026.05.30 12:15

अमर उजाला

31.05.2926

## तंबाकू से दूर रहने का संकल्प दिलाया

**बनबसा (चंपावत)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर डिग्री कॉलेज में शनिवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ. बीएन दीक्षित ने किया।

मुख्य वक्ता डॉ. सुशीला आर्या व दीप्ति कार्की डॉ. भूपनारायण दीक्षित ने बताया कि तंबाकू सेवन कैंसर जैसे रोग के अलावा हृदय, फेफड़े और दिमाग पर गंभीर प्रभाव डालता है। उन्होंने युवाओं से तंबाकू से बचने, अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी इससे दूर रहने को जागरूक करने की अपील की।

छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से तंबाकू सेवन न करने के लिए लोगों को जागरूक किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं की भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता भी हुई। वहां जयंती देवी, कमला चड्ढा, त्रिलोक चंद्र कांडपाल, विनोद कुमार चंद, अमर सिंह आदि थे। संवाद


शपथ ग्रहण कार्यक्रम
विश्व तंबाकू निषेध दिवस
30.05.2026
राजकीय महाविद्यालय बनबसा चम्पावत
2026.05.30 10:34


विश्व तंबाकू निषेध दिवस.
30.05.2026
राजकीय महाविद्यालय बनबसा (चम्पावत
2026.05.30 10:15


विश्व तंबाकू निषेध दिवस
30.05.2026
उत्तराखण्ड राज्य
राजकीय महाविद्यालय बनबसा (चम्पाव
NO DRUGS
जन-जन को यह संकल्प निभाना है, नशे को जड़ से मिटाना है।।
नशे की आदत छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो
प्राचार्य
एंटी ड्रग प्रकोष्ठ


विद्यालय बनबसा (चम्पावत
2026.05.30 10:15


GPS Map Camera
Banbasa Canal Range, Uttarakhand, India
X3qh+h64, Banbasa Canal Range, Uttarakhand 262310, India
Lat 28.98927° Long 80.077567°
Saturday, 30/05/2026 11:58 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Banbasa, Uttarakhand, India
X3rg+3rc, Banbasa, Uttarakhand 262310, India
Lat 28.989646° Long 80.077325°
Saturday, 30/05/2026 10:17 AM GMT +05:30
Google


विद्या ददाति विनयम्
नशा मुक्ति जागरूकता अभियान
GPS Map Camera
Banbasa Canal Range, Uttarakhand, India
X3qh+h64, Banbasa Canal Range, Uttarakhand 262310, India
Lat 28.989467° Long 80.07767°
Saturday, 30/05/2026 11:57 AM GMT +05:30
Google


राजकीय महाविद्यालय बनबसा (चम्पावत)
नशा मुक्ति जागरूकता अभियान
जिंदगी को हां "और नशे को ना कहें"
GPS Map Camera
Banbasa Canal Range, Uttarakhand, India
X3qh+h64, Banbasa Canal Range, Uttarakhand 262310, India
Lat 28.989338° Long 80.077683°
Saturday, 30/05/2026 11:57 AM GMT +05:30
Google